मूल्य रु। ५-००

श्री स्वामिनारायण

मासिक

प्रकाशन दिनांक प्रत्येक महीने की ११ तारीख • सलंग अंक १३० • फरवरी-२०१८



मूली

वसंत पंचमी उत्सव

प्रकाशक : श्री स्वामिनारायण मंदिर अहमदाबाद-३८०००१.

परम पूज्य आचार्य महाराजश्री के सानिध्य टोरडा में स.गु. गोपालानंद स्वामी के जन्म स्थल का उद्घाटन महोत्सव

प.पू. लालजी महाराजश्री के सानिध्य में श्री नरनारायणदेव के पूजारी अ.नि.ब्र. स्वामी राजेश्वरानंदजी के गुणगान की सभा

श्री स्वामिनारायण

श्री नरनारायणदेव पीठस्थान मुखपत्र

वर्ष - ११ ● अंक : १३०

फरवरी-२०१८

संस्थापक

श्री नरनारायणदेव पीठाधिपति
प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री १००८
श्री तेजेन्द्रप्रसादजी महाराजश्री
श्री स्वामिनारायण म्युजियम
नारायणपुरा, अहमदाबाद.
फोन : २७४९९५९७ ● फोक्स :
२७४१९५९७
प.पू. मोटा महाराजश्री के संपर्क के लीए
फोन : २७४९९५९७
www.swaminarayanmuseum.com
दूर ध्वनि
२२१३३८३५ (मंदिर)
२७४७८०७० (स्वा. बाग)
फेक्स : ०७९-२७४५२१४५
श्री नरनारायणेदव पीठाधिपति
प.पू.ध.धु. आचार्य १००८
श्री कोशलेन्द्रप्रसादजी महाराजश्रीकी
आज्ञा से
तंत्रीश्री
स.गु. शास्त्री स्वामी हरिकृष्णदासजी (महंत
स्वामी)

पत्र व्यवहार

श्री स्वामिनारायण मासिक कार्यालय
श्री स्वामिनारायण मंदिर कालुपुर,
अहमदाबाद-३८० ००१.
दूर ध्वनि २२१३२१७०, २२१३६८१८.
फोक्स : २२१७६९९२
www.swaminarayan.info

पतेमें परिवर्तन के लिये
E-mail : manishnvora@yahoo.co.in

मूल्य - प्रति वर्ष ५०-०० ● प्रति कोपी ५-००

अ नु क्र म णि का

०१.	अस्मदीयम्	०४
०२.	प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री के कार्यक्रम की रुपरेखा	०५
०३.	गंगाजी की कथा	०६
०४.	भक्ति धर्म के पुत्र के शरण में	०८
०५.	आवश्यकता, तीव्रता और साहस रखना। प.पू. बड़े महाराजश्री	११
०६.	श्री स्वामिनारायण म्युझियम के द्वार से	१३
०७.	सत्संग बालवाटिका	१४
०८.	भक्ति सुधा	२०

अस्मदीयम्

..... बाद श्रीजी महाराज कहे ये हमारी आज्ञा है जो, हरिभक्त मात्र को श्री नरनारायण की मूर्ति कागज में लिख देगे । उन्हें पूजिए, और ये पूजा सभी शास्त्रो का प्रमाण है.... इसे हमारी आज्ञा मानकर आप सभी नरनारायण की पूजा करेंगे तो हमारे और नरनारायण के मध्य शुद्धता से मन-मिलन होगा । वह हम नरनारायण से कहे, हे प्रभु जो पंच वर्तमान में रहकर हमारी प्रदत्त जो आप की मूर्ति पूजे, उसमें आप अखण्ड निवास करके रहियेगा..... आप सभी निश्चित रुप से मानिए यह मूर्ति श्री नरनारायण देव की ही है । ऐसा मानकर मूर्ति किसी भी दिन पूजा विहीन नही रखना देश में ..... (ग.प्र.प्र. ४८

.... इसलिए इस संसार में दृढ ब्रह्मचारी तो एक नरनारायण ऋषि है और् उसी नरनारायण का हम सभी का सहारा है, उसके प्रताप से ही धीरे-धीरे उस नरनारायण की भजन करके, अपने भी इसी समान निष्कामी बनेगे.....(ग.प्र.प्र. ७३)

परमकृपालु श्री नरनारायणदेव के १९६ के बृहद् पाटोत्सव प्रसंग में उपरोक्त वचनामृत का नित्य पान करना चाहिए । ये स्वयं सर्वोपरी श्रीहरि के वचनामृत है जो अपने लिए सर्वोपरी वचन है । इस लिये इसका प्रतिदिन ध्यान रखना चाहिए । इसी में अपनी श्रेष्ठता, कल्याण और मंगल है ।

श्री नरनारायणदेव के समक्ष जो कोई भक्त या मुमुक्षु जीव, श्रद्धा और प्रेमपूर्वक दर्शन करके जो कोई शुभ मनोरथ संकल्प करेगा वह श्रीनरनारायणदेव अवश्य पूर्ण करेंगे ।

संपादकश्री (महंत स्वामी)
शास्त्री स्वामी हरिकृष्णदासजी का
जयश्री स्वामिनारायण

प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री के कार्यक्रम की रुपरेखा

(जनवरी-२०१८)



३० से २ श्री स्वामिनारायण मंदिर भुज आगमन वहाँ से मांडवी-कच्छ कन्या छात्रावास के उद्घाटन प्रसंग में आगमन।

५ श्री स्वामिनारायण मंदिर समौ कथा उद्घाटन के प्रसंग में आगमन।

६ घनश्यामनगर (नवीन धनाला - मूली प्रदेश) श्री स्वामिनारायण मंदिर उद्घाटन प्रसंग में आगमन।

९ श्री स्वामिनारायण मंदिर भीमपुरा उद्घाटन समारोह प्रसंग । श्री स्वामिनारायण मंदिर बापुपुरा नूतन मंदिर स्थापना मुहूर्त के प्रसंग में आगमन।

१० से १८ आस्ट्रेलिया सिडनी धर्म प्रचार हेतु आगमन।

२१ श्री स्वामिनारायण मंदिर टोरडा मू.अ.पू.स.गु. गोपालानंद स्वामी जन्म स्थल उद्घाटन प्रसंग में आगमन।

२२ श्री स्वामिनारायण मंदिर मूली वसंत पंचमी उत्सव प्रसंग में आगमन।

२८ श्री स्वामिनारायण मंदिर अलीणा (कठलाल) नूतन मंदिर के उद्घाटन प्रसंग में आगमन।

२९ श्री स्वामिनारायण मंदिर बोरणा (मूली प्रदेश ता. लिम्बडी) मूर्ति प्रतिष्ठा प्रसंग में आगमन।

३० श्री स्वामिनारायण मंदिर अंजली (वासणा) उद्घाटन प्रसंग में आगमन वहाँ से श्री स्वामिनारायण मंदिर जामफलवाडी मूर्ति प्रतिष्ठा प्रसंग में आगमन।

३१ से ६ फरवरी अमेरिका में ज्योर्जिया टीफोन श्री स्वामिनारायण मंदिर मूर्ति प्रतिष्ठा प्रसंग में आगमन।

प.पू. लालजी महाराजश्री के कार्यक्रम की रुपरेखा

(जनवरी-२०१८)

२२ श्री स्वामिनारायण मंदिर मूली वसंत पंचमी उत्सव प्रसंग में आगमन।



गंगाजी की कथा

– साधु पुरुषोत्तमप्रकाशदास (जेतलपुरधाम)

पर्वतराज हिमालयके एक सौ पुत्र और नव पुत्रियों वाला परिवार था । उसमें से सबसे बड़ी पुत्री का नाम 'गंगा' था । दूसरी पुत्री के रुप में दक्ष महाराज के यज्ञ में शरीर त्याग करके हिमालय के पुत्री रुप में स्वयं जगदम्बा देवी ''पार्वतीजी'' प्रगट हुई ।

गंगादेवी एक बार नारदजी के मुख से शिव चरित्र की कथा सुनी उसी दिन से शिवजीको पति के रुप में प्राप्त करने की लालसा उत्पन्न हो गयी । भगवान भोलेनाथ को प्रसन्न करने के लिये कठिन तपस्या के हेतु पार्वतीजी भी शिव को पति रुप में प्राप्त हेतु ''कोटि जनम लगी गरड हमारी वरवु शंभू अरु रहु कुमारी'' इस तरह की दृढ प्रतिज्ञा लेकर तपस्या करने लगी । इसमें गंगा और पार्वती को नारदजीने दोनो को एक पति की दृढ इच्छा को बताया । उसी दिन से दोनो बहनो के मध्य ईर्ष्या का भाव उत्पन्न हो गया । स्वयं की साधना सफल हो तथा बहन की साधना में विध्न पैदा हो, ऐसे विचार की कल्पना करते हुए । पार्वतीजी किसी भी स्तर पर भोले जी उन्हे प्राप्त हो ऐसी इच्छा के साथ गंगा की तपस्या में अवरोधआये ऐसा प्रयास करने लगी ।

पार्वती देवी की तपस्या पूर्ण हो चुकी थी । भोलेनाथ के साथ विवाह हो चुका था । गंगादेवी की तपस्या पूर्ण नहीं हुई थी । गंगादेवी की कठोर तपस्या पूर्ण नही हुई थी । गंगादेवी की कठोर तपस्या देखकर दुर्वासा ऋषि उन्हें वरदान देने के लिए आ रहे थे । ऐसा संकेत मिलते ही गंगाजी जहाँ तपस्या कर रही थी उनके सामने पानी और कीचड़ वाला बनाकर रुकावट डालने का प्रयत्न किये । दुर्वासा ऋषि जब नजदीक आ रहे थे वे कीचड़ में फिसल गये । क्रोधित होकर श्राप दिये की हे गंगा तुम मेरे आने वाले मार्ग में जल डालकर रास्ते में विध्न डाला है इस लिए तुम जल स्वरुप में हो जाओ !!

तुरंत गंगादेवी जागी तथा दुर्वासा के चरणो में प्रणाम किया हाथ जोडकर विनय करके बोली, महात्मा में निरपराधहूँ । आप मुझ निर्दोषी को दण्ड दिये है । मैने मार्ग में जल डाला ही नही है । दुर्वासाजी ने ध्यान में जाकर देखा की ये कर्म पार्वती देवीने किया है । पुनः पार्वती जी को श्राप दिये कि तुम्हे शिवजी पतिस्वरुप तो प्राप्त हुए है लेकिन शिव द्वारा तुम्हे गर्भ धारण नहीं होगा ।

निर्दोष गंगा को वरदान दिये कि तुम जलरुप बनोगी तो भी भगवान भोलेनाथ तुम्हें मानस पत्नी के रुप में स्वीकार करेगे और जटा में स्थान प्रदान करेगे । और गर्भ भी धारण करोगी त्रिलोक को पवित्र करोगी । त्रिलोक के सभी लोग तुम्हारे जल में स्नान करेगे तथा पाप से मुक्त होगे । तथा भगवान भोले से कभी अलग नहीं होगी ।

दोनो देवियो को दुर्वासा मुनि श्राप और आशीर्वाद देकर वापस चले गये । दुर्वासा के श्राप से बनी

जलस्वरुपा हिमालय पुत्री को ब्रह्माने स्वर्ग में अपने कमंडल पात्र में स्थान दिये । जलस्वरुपा देवी शिवजी को प्राप्त करने के लिए अनवरत शिव स्मरण करती रही ।

एस समय सगर राजा के साठ हजार पुत्रो ने अश्वमेघ यज्ञ के बारे में निर्दोष कपिलमुनि को परेशान किये मुनि के श्राप से साठ हजार पुत्र भस्मीभूत हो गये । अश्वमेधयज्ञ अपूर्ण रहा लेकिन सगर के एक पुत्र जो यज्ञ में बैठे थे उसके उपरांत सभी पुत्रो की अधोगति हुई ।

सगर राजा ने कपिलमुनी से क्षमा माँगकर पुत्रो के कल्याण के लिए उपाय पूछे । कपिलमुनि ध्यान अवस्था में देखकर बताया राजा आप के सभी लडको का एक साथ कल्याण करना हो तो एक मात्र उपाय है । स्वर्ग में ब्रह्माजी के कमंडल में स्थित हिमालय पुत्री गंगा देवी जल रुप में है । जिसका विष्णुजी के चरण का स्पर्श हुआ है । उनका पृथ्वी पर अवतरण हो और गंगाजल के स्पर्श से आप के पुत्रो की अस्थियो की राख स्पर्श हो तो उनके पाप-अपराधगंगा देवी की तपस्या के प्रभाव से पवित्र होकर मुक्ति को प्राप्त होगे । लेकिन गंगादेवी को शिवजी मिले ऐसी मनोकामना है । इसलिये भोले नाथ खुश हो तभी सम्भव है ।

सगर राजा अपने पुत्रो के उद्धार के लिए गंगा देवी और शिवजी की तपस्या करने के लिए बैठ गये । अपना बचा जीवन तपस्या में व्यतीत किए । इनके पश्चात इनका पुत्र ''असमंजय'' भी तपस्या करते-करते जीवन बिताए । लेकिन ये कार्य फिर भी अपूर्ण रहा ।

सगर राजा की पाँच पीढीयोंने शिवजी और गंगा देवी को प्रसन्न करने में जीवन अर्पण कर दिया । पांचवी पीढ़ी में राजा भगीरथ पैदा हुआ । वे तपस्या करने लगे तब गंगादेवी और शिवजी प्रगट हुए और भगीरथ राजा पर खुश होकर बोले छः पीढीयों की तपस्या के पश्चात हम खुश हुए है जो मनोकामना है उसे हमे बताईए !

राजा भगीरथजी प्रार्थना करके बोले हे भोलेनाथ ! सदाशिव ! आपतो संसार के मालिक हो । हमारी गलती से पूर्वजो की अधोगति हुइ है । उनका उद्धार करने के लिए आप प्रभु गंगादेवी को धारण करे और गंगा के प्रवाह को पृथ्वी पर प्रवाहित करे जिससे हमारे पूर्वजो का उद्धार हो और जगत का कल्याण भी हो । तब जाकर भोलेनाथ ने गंगाजी को जटा में धारण किये । कैलास पर्वत से गंगादेवी का पृथ्वी पर अवतरण हुआ । अलकनंदा, मंदाकिनी इत्यादि अनेक धाराये अनेक रास्ते में आने वाले अनंत जीवो का कल्याण (पवित्र) करती हुई भगवान विष्णु चरणस्पर्षा और भोलेनाथ की ''मानस'' पत्नी के रुप में पृथ्वी पर अवतरित हुई । ''हर हर गंगे'' के रुप में संत एवम् ऋषियोने शिव पत्नीके रुप में प्राप्त किया ।

सगर राजा के साठ हजार पुत्रो की भस्म को गंगाजल के स्पर्श होने से सभी पाप से मुक्त होकर दिव्य चर्तुर्भुज रुप लेकर मुक्ति को पाये और गंगादेवी पापनाशिनी कहलायी ।

हिमालय से निकलने वाला गंगाजी की धारा शिवजी की जटा में से आज भी प्रवाहित हो रही है । उस के स्नान-स्पर्श से ही पाप में से मुक्ति मिल जाती है ।

दुर्वासा मुनि का गंगादेवी को एक दूसरा भी वरदान मिला है कि जो भी आदमी श्रावण महीने या शिवरात्रि के दिन गंगाजल को कलश में लेकर प्रतिष्ठित शिवलिंग पर चढायेगा उसे करोडो गुना पुण्य प्राप्त होगा और उसे भक्ति और शक्ति प्राप्त होगी ।

गंगा पुत्र के रुप में गंगाजीकी गोद से कार्तिक स्वामी प्रगट हुए थे । गंगाजी के कठोर तपस्या का प्रताप लम्बे समय तक गंगा जल की प्रभावित करेगा । जो कोई स्पर्श करेगा यह तुरंत पाप से मुक्ति प्राप्त करेगा । गंगादेवी मानस पत्नी होने के कारण मानसिक गंगा स्नान स्मरण मात्र से स्नान शास्त्र प्रमाणित माना जाता है ।

गंगाजी शिव की जटा मे से सप्तधारा के रुप में सात धाराओ में प्रवाहित होती है । उसमें से कुछ धारायें गुप्त रुप से हिमालय की गोद में विलीन हो गई है । गंगाजी की ससुराल और पीहर पक्ष हिमालय में ही है । कैलास से निकलकर हिमालय (पिता) की गोद में अत्यन्त तीव्र वेग से बहती है । भारत से कई जगहो पर गुप्त गंगा तीर्थ के रुप में प्रगट हुई है । भारत की भूमि अति पवित्र मानी जाती है । उसका एक कारण गंगा के जल प्रवाह का स्पर्श होना है । हिमालय की पुत्री तथा

पेईज नं. १०

भक्ति धर्म के पुत्र के शरण में

– शा. स्वा. निर्गुणदासजी (अमदावाद)

इति सत्संगिजीवने धार्मिकस्तोत्रम् । सत्संगिजीवन पंचम् ५ प्रकरण अध्याय-६६, श्लोक १२ थी

श्रीमद् सत्संगिजीवन के पाँचवे पाठमें सर्व अवतारी भगवान श्री स्वामिनारायण ने शतानंद मुनि के प्रश्नो का उत्तर देने के निमित्त सम्पूर्ण संसार को सांख्ययोग और योगशास्त्र का सत्य सनातन सही अर्थ बताये इसको सुनकर अति-खुशी से गदगद सभी की तरह से स्वयं शतानंद मुनि भगवान श्री स्वामिनारायण के चरणो की वंदना करके इस प्रकार स्तुति और प्रार्थना किये है । इस प्रार्थना को सुनकर अति खुश होकर परमात्मा भगवान श्रीहरि मनवांछित वरदान दिये है और जो कोई भी इस स्तोत्र (अष्टक) का पाठ करेगा या गायन करेगा उस पर खुश होकर उसके सभी मनोरथ पूर्ण करने का वरदान श्रीहरि अवश्य देगे । इस स्तुति के शब्दो का अर्थ जिसमें सांख्ययोग और योग शास्त्र के जो रहस्य गूढ है उसे सरल और संक्षेप में समझना हो तो इस स्तोत्र को हृदय में धारण करने से और प्रतिदिन गाने से समझा जा सकता है । इस अष्टक के शब्दो को समझने का प्रयास करे ।



॥ वसन्ततिलकावृत्तम् शतानन्दमुनि रचित् ॥

श्रीवासुदेव विमलामृतधामवासं नारायणं नरकतारणनामधेयम् ।
श्यामं सितं दविभुदमेव चतुर्भु च त्वां भक्तिधर्मतनयं शरणं प्रपद्ये ॥१॥
शिक्षार्थमत्र निजभक्तिमतां नराणामेकान्तधर्ममशिलं परिशीलयन्तम् ।
अष्टांगयोगकलनारश्च महाव्रतानि त्वां भक्तिधर्मतनयं शरणं प्रपद्ये ॥२॥
श्वासेन साकमनुलोमविलोभवृत्त्या स्वान्तर्बहिश्च भगवत्युरुधा निजस्य ।
पूरे गतागतजलाम्बुधिनोपमेयं त्वां भक्तिधर्मतनयं शरणं प्रपद्ये ॥३॥
बाह्यान्तरिन्द्रियगणश्वसनाधिदैववृत्त्युद्वस्थितिलयानपि जायमानान ।
स्थित्वा ततः स्वमहसा पृथगीक्षभाजं त्वां भक्तिधर्मतनयं शरणं प्रपद्ये ॥४॥
मायामयाकृतितमोऽशुभवासनानां कर्तुं निषेधमुरुधा भगवत्स्वरुपे ।
निर्बीजसांख्यमतयोगसुयुक्तिभाजं त्वां भक्तिधर्मतनयं शरणं प्रपद्ये ॥५॥
दिव्याकृतित्वसुमहस्त्वसुवासनानां सम्यग्विधि प्रथयितुं च पतौ रमायाः ।
सालम्बसांख्यपथयोगसुयुक्तिभाजं त्वां भक्तिधर्मतनयं शरणं प्रपद्ये ॥६॥
कामार्ततस्करनटव्यसनिद्दविषन्तः स्वस्वार्थसिद्धिमिव चेतसि नित्यमेव ।
नारायणं परमयैव मुदा स्मरन्तं त्वां भक्तिधर्मतनयं शरणं प्रपद्ये ॥७॥
साध्वीचकोरशलभास्तिमिकालकण्ठकोका निजेष्टविषयेयु यथैव लग्नाः ।
मूर्ति तथा भगवतोऽत्र मुदातिलग्नं त्वां भक्तिधर्मतनयं शरणं प्रपद्ये ॥८॥
स्नेहास्तुरस्त्वथ भयातुर आमयावीं यद्वत्क्षुधातुरजनश्च विहायमानम् ।
दैन्यं भजेयुरिह सत्सु तथा चरन्तं त्वां भक्तिधर्मतनयं शरणं प्रपद्ये ॥९॥
धर्मस्थितैरुपगतैर्बृहता निजैक्यं सेव्यो हरिः सितमहः स्थितदिव्यमूर्तिः ।
शब्दाय्यरागिभिरिति स्वमतं वदन्तं त्वां भक्तिधर्मतनयं शरणं प्रपद्ये ॥१०॥
सद्ग्रन्थनित्यपठनश्रवश्रीदिसक्तं ब्राह्मी च सत्सदसि शासतमत्र विद्याम् ।
संसारजालपतिताखिलजीवबन्धो त्वां भक्तिधर्मतनयं शरणं प्रपद्ये ॥११॥

श्रीवासुदेव विमलामृतधामवासं नारायणं नरकतारणनामधेयम् ।
श्यामं सितं दविभुदमेव चतुर्भु च त्वां भक्तिधर्मतनयं शरणं प्रपद्ये ॥१॥

हे नारायणमुनि, निर्मल अक्षरवाम में सदैव निवास करने वाले हे नरनारायण ऋषि जैसे नाम वाले सर्वत्र व्यापक होने से हे वासुदेव भगवान आपको स्वामिनारायण, नरनारायण इत्यादि नाम से स्मरण, कीर्तन मात्र से नरक जैसा दुख भी समाप्त हो जाता है, मेघ समान श्याम वर्ण वाले घनश्याम सदैव सफेद कांतिवाले भी है आप ही द्विभूजाधरी आप ही चर्तुभुज धारी भी है । ऐसे भक्तिमाता और धर्मपिता के सुपुत्र श्रीहरि मैं आपकी शरण में हूँ(१)

शिक्षार्थमत्र निजभक्तिमतां नराणामेकान्तधर्ममशिलं परिशीलयन्तम् ।
अष्टांगयोगकलनारश्च महाव्रतानि त्वां भक्तिधर्मतनयं शरणं प्रपद्ये ॥२॥

जिसके हृदय में सर्वश्रेष्ठ भगवान श्री स्वामिनारायण की एकत्व भक्ति है ऐसे प्यारे भक्तो को शिक्षा देने के लिए आप स्वयं आचरण करके बताने वाले हो जिस किसी को भी अक्षरधाम में आप के साथ रहना हो उसे आप की तरह ही रहना होगा। ऐसी बात को सिखाने के लिए स्वयं एकत्व धर्मपालन और अष्टागं योग तथा उनके सभी अंग, यम, नियम आदि आठ कला और नेति घोती, भक्तिका, कुंजर, कालभागे, कुंडलिनी की शक्ति त्राटक इन आठ क्रियाओ को स्वंय करते है और। निष्ठापूर्वक ब्रह्मचर्य तथा एकादशी का व्रत इन महाव्रतो को आजीवन करते है । ऐसे भक्तिमाता और धर्मपिता के सुपुत्र श्रीहरि मैं आपकी शरण में हूँ(२)

श्वासेन साकमनुलोमविलोभवृत्त्या स्वान्तर्बहिश्च भगवत्युरुधा निजस्य ।
पूरे गतागतजलाम्बुधिनोपमेयं त्वां भक्तिधर्मतनयं शरणं प्रपद्ये ॥३॥

योग का अनुसरण करते हुए जब आप श्वास शरीर के अंदर लेते हुए स्थिर करते है उसी समय प्रतिलोभ वृत्ति से भगवान की मूर्ति को अंदर धारण करते है। तब अनुलोम योग से आँख के सामने भगवान का रुप धारण करते है। इस तरह दोनो वृत्तियों को भगवान के रुप में रखते हैं। जैसे समुद्र में ज्वार और भाटा आता है। और पानी वेग से आगे बढता है। भाटा आने पर पानी तेजी से उत्तर जाता है। उसी प्रकार मन की खराब वृत्तियाँ बाहर निकल जाती है। ये सात्विक क्रिया प्रभु को स्मरण करके रखना चाहिए। ऐसे भक्तिमाता और धर्मपिता के सुपुत्र श्रीहरि मैं आपकी शरण में हूँ(३)

बाह्यान्तरिन्द्रियगणश्वसनाधिदैववृत्त्युद्वस्थितिलयानपि जायमानान ।
स्थित्वा ततः स्वमहसा पृथगीक्षभाजं त्वां भक्तिधर्मतनयं शरणं प्रपद्ये ॥४॥

पाँच कर्म इन्द्रियों और पाँचज्ञान इंद्रियो इन दस बाहर की इंद्रियो के समुह और मन, बृद्धि चित्त और अहंकार ये चार अंतःकरण की इंद्रियो के समूह और पंच प्राण और उसके अधिकता देवताओ के गुण स्वभाव के अनुसार गुर्ण कार्य रुप में परिवर्तित उन सभी उत्पत्ति, आधार लय से विलक्षण होते हुए अलग स्वरुप के प्रताप से अलग दृष्टा हे। ऐसे भक्तिमाता और धर्मपिता के सुपुत्र श्रीहरि मैं आपकी शरण में हूँ(४)

मायामयाकृतितमोऽशुभवासनानां कर्तुं निषेधमुरुधा भगवत्स्वरुपे ।
निर्बीजसांख्यमतयोगसुयुक्तिभाजं त्वां भक्तिधर्मतनयं शरणं प्रपद्ये ॥५॥

परमब्रह्म परमात्मा के स्वरुप में कभी माया से उत्पन्न पंच विषयो और वैभव के उपभोग की कामना अर्थात् अशुभ कामना तथा उसी प्रकार की क्रिया का आकर्षक आकार का माया जन्य हूँ और हमारा रुप अज्ञान तथा उसी प्रकार माया वाले गुण से युक्त काम और क्रिया का सदैव निषेधसमझाने के लिये सांख्य और योग प्रकार की युक्ति अर्थात इस रहस्य को स्वयं के जीवन में अपने अच्छे आचरण से संसार को ज्ञान देने वाले ऐसे भक्तिमाता और धर्मपिता के सुपुत्र श्रीहरि मैं आपकी शरण में हूँ(५)

दिव्याकृतित्वसुमहस्त्वसुवासनानां सम्यग्विधि प्रथयितुं च पतौ रमायाः ।
सालम्बसांख्यपथयोगसुयुक्तिभाजं त्वां भक्तिधर्मतनयं शरणं प्रपद्ये ॥६॥

सर्वत्र ऐसे रमापति अर्थात् लक्ष्मीपति भगवान श्री वासुदेवनारायण का रुप दिव्याकृति है । सबसे उच्च तेजस्वी है। सभी जीवो को माया के बंधन से मुक्त करा के अत्यन्त कल्याणरुपी रुप सत्य संकल्प है । जिसमें दया और कृपा करने का सदैव गुण है। अपने भक्तो द्वारा अर्पित सेवा को स्वीकार करने वाले है। वे स्वभाव में बदलाव लाने वाले सांख्य मत और योग मत के सही सिद्धान्त को स्वयं के जीवन में धारण करने वाले है। ऐसे भक्तिमाता और धर्मपिता के सुपुत्र श्रीहरि मैं आपकी शरण में हूँ(६)

कामार्ततस्करनटव्यसनिद्दविषन्तः स्वस्वार्थसिद्धिमिव चेतसि नित्यमेव ।
नारायणं परमयैव मुदा स्मरन्तं त्वां भक्तिधर्मतनयं शरणं प्रपद्ये ॥७॥

संसार के कामी जीवो चोरी वृत्तिवाले नृत्य करने वाला नट व्यसन से ग्रसित और द्वेष करने वाला हमेशा अपने स्वार्थ सिद्धि में लिप्त अपने मन में अनायास ही आनंदित होकर विषयो को स्मरण करता है। उसी प्रकार अत्यंत खुशी के साथ श्री नारायण के स्वरुप में सदा तल्लीन, स्वयं के शिष्यो को सच्चा उपदेश देने वाले हे ऐसे भक्तिमाता और धर्मपिता के सुपुत्र श्रीहरि मैं आपकी शरण में हूँ(७)

साध्वीचकोरशलभास्तिमिकालकण्ठकोका निजेष्टविषयेयु यथैव लग्नाः ।
मूर्ति तथा भगवतोऽत्र मुदातिलग्नं त्वां भक्तिधर्मतनयं शरणं प्रपद्ये ॥८॥

उत्तम चरित्र वाली सति स्त्री जैसे पतिव्रता धर्म का पालन करती है। चकोर पक्षी जैसे चन्द्रमा को निहारता है। पतिंगा अग्नि के प्रति प्रेम, मछली जलानुरागी, मोर बादल की गडगडाहट से, चकवा पक्षी चकवी के प्रति आकर्षित होता है। उसी प्रकार आप के सर्वप्रिय श्री वासुदेवनारायण जो आप के हृदय में निवास करते है तथा आप अपने शिष्यो को उनके प्रति अनुरागित करते है ऐसे भक्तिमाता और धर्मपिता के सुपुत्र श्रीहरि मैं आपकी शरण में हूँ(८)

स्नेहास्तुरस्त्वथ भयातुर आमयावीं यद्वत्क्षुधातुरजनश्च विहायमानम् । दैन्यं भजेयुरिह सत्सु तथा चरन्तं त्वां भक्तिधर्मतनयं शरणं प्रपदये ॥९॥

स्नेहातुर अर्थात प्रेम में पागल प्रेमी अपने प्रेम में, भयातुर अर्थात जिससे डर पैदा हो, रोग से डरा रोगातुर जो कटिन रोग से ग्रस्त हो डॉक्टर के प्रति प्रेम रखता है। भूखा है जिसे अन्न देकर पूरा करता है, सम्मान लोभ त्याग कर दीन भाव से रहता है ऐसे भक्त जो भगवान और संतो के सामने रहे ऐसे भक्तिमाता और धर्मपिता के सुपुत्र श्रीहरि मैं आपकी शरण में हूँ(९)

धर्मस्थितैरुपगतैर्बृहता निजैक्यं सेव्यो हरिः सितमहः स्थितदिव्यमूर्तिः । शब्दाव्यरागिभिरिति स्वमतं वदन्तं त्वां भक्तिधर्मतनयं शरणं प्रपदये ॥१०॥

शास्त्रो में समर्पित स्वयं के वर्ण आश्रम धर्म में हृदयपूर्क रहकर और सूक्ष्म, स्थूल के कारण तीनो देहो से विलक्षण ऐसे ब्रह्मस्वरुप होकर, अर्थात स्वयं को एकाकार ब्रह्म रुप अक्षय मुक्त समझाकर पंच विषयो में वैराग्य लेकर स्वयं को परम अतिश्वेत दिव्य ज्योति के बीच में अर्थात् अक्षरधाम में दिव्य सिंहासन उपर विराजमान दिव्य साकार मूर्ति श्रीहरि को भक्तो द्वारा सदैव सेवा करनी चाहिए। ऐसे भक्तिमाता और धर्मपिता के सुपुत्र श्रीहरि मैं आपकी शरण में हूँ(१०)

सद्ग्रन्थनित्यपठनश्रवश्रीदिसक्तं ब्राह्मी च सत्सदसि शासतमत्र विद्याम् । संसारजालपतिताखिलजीवबन्धो त्वां भक्तिधर्मतनयं शरणं प्रपदये ॥११॥

सत्य शास्त्रो को प्रतिदिन अध्ययन करना चाहिए। उसको सुनना चाहिए और शास्त्र के दिये उपदेशो का पालन करना चाहिए। ऐसे ब्रह्म विद्या का उपदेश सत्पुरुषो परमज्ञानी और एकांतवासी भक्तो की सभा में देने वाले और माया-मोह के जाल में लिप्त सांसारिक जीवो की एक मात्र बंधु ऐसे भक्तिमाता और धर्मपिता के सुपुत्र श्रीहरि मैं आपकी शरण में हूँ(११)

अनु. पेईज नं. ७ से आगे

भगवान विष्णु के चरण स्पर्श, भगवान शिव की जटा से उत्पन्न महाशक्ति आध्यात्मिक साक्षात् सम्पत्ति है। आज विश्वभर के वैज्ञानिको ने स्वीकार कर लिया है कि दुनिया में प्राप्त जल से श्रेष्ठ जल गंगा जल है। जो तत्व गंगा जल के पाये जाते है वे दूसरे जल मे नहीं मिलते है। इसका संग्रह करने पर भी इसको जीव खराव नहीं कर सकता है।

भगवान श्री नीलकंठवर्णीजी गंगा में स्नान किये तभी साक्षात् गंगादेवी प्रगट होकर प्रार्थना की हे प्रभु ! आज हमारी तपस्या पूर्ण हुई। आप के चरणो का स्पर्श हुआ अब मुझे किसी का पाप स्पर्श नहीं करेगा।

भगवान सदाशिवने गंगादेवी को वरदान दिये कि मानस पत्नी के रुप में मस्तक पर रखुँगा। मेरा पुत्र आप के गर्भ से होगा मेरा नाम गंगाधर कह लायेगा। आप का जल शिवरात्रि या श्रावण में मेरे लिंग पर जो कोई चढायेगा उसे करोडो गुना फल मिलेगा। हर हर गंगे कह के जो लोग बोलेगे उनके पाप मिट जायेगे। जीव मृत्यु के बाद शरीर की अस्थि या राख आप के स्पर्श से पाप मुक्त हो जायेगी।

गंगा स्नान से पहले गंगा उत्पति की कथा जो सुनेगा, स्मरण करेगा उसे शास्त्र संमत पुण्य काल की प्राप्ति होगी।

हिमालय से निकलकर पृथ्वी पर लाने की योजना बताने वाले प्रेरक महात्मा कपिलमुनि का आश्रम गंगा सागर संगम तक (कोलकता) तक का मार्ग पूर्ण करके सम्पूर्ण भारतवर्ष को पवित्र करती है।

अक्षरवास

श्री स्वामिनारायण मंदिर, कालुपुर परमकृपालु श्री नरनारायणदेव के पूजारी ब्रह्मचारी स्वामी स.गु. राजेश्वरानंदजी गुरु ब्रह्मचारी स्वामी हरिप्रियानंदजी माघ सुद-५ वसंती पंचमी (शिक्षापत्री जयंती) को दिनांक २२-१-२०१८ सोमवार के शुभ दिन मूली धाम में सर्वोपरी श्री स्वामिनारायण भगवान का अखण्ड स्मरण करते हुए अक्षरवासी हुए है। जिसके अक्षरवास से समग्र श्री नरनारायणदेव देश और उनेक शिष्य मंडल को बड़ी क्षति हुइ है। श्रीहरि के चरणो में यह प्रार्थना है कि उन्हें निजधाम मे सुख-संतोष मिले और उनके शिष्य मंडल को धैर्य और बल प्रदान हो।

आवश्यकता, तीव्रता और साहस रखना । प.पू. बड़े महाराजश्री

- संकलन : गोरधनभाई वी. सीतापरा (हीरावाडी-बापुनगर)

परमपूज्य लालजी महाराजश्री के २० वें जन्म उत्सव प्रसंग में प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री धर्म के प्रचार के उद्देश्य से आस्ट्रेलिया में होने के कारण परम पूज्य बड़े महाराजश्री सभा में उपस्थित होकर दिव्य सुख को प्रदान किये । सभा का संचालन शा. स्वामी चैतन्यस्वरुपदासजीने प्रसंगोचित बोला कि ''मूलधन से अधिक व्याज प्रिय होता है'' इस संसार की कहावत अनुसार प.पू. बड़े महाराजश्रीने सभा में उपस्थित होकर सभी को सुखी कर दिया । स्वामी के इस वाक्य के उपलक्ष्य में बड़े महाराजने कहा,

हमारे लिये लालजी महाराजश्री पूँजी है । उसी प्रकार आप के लिए संत पूँजी समान है । इन को बचा के रखना । सत्संग जैसे आप आश्यकता रखते है और लगाव होता है । वही सत्संग में आगे बढता है । सत्संग में हरि भक्त लोग संत की आवश्यकता रखते है, संत और हरिभक्त आचार्य की आवश्यकता रखता है और हम सभी नरनारायणदेव की आवश्यकता रखते है । दूसरा, उत्साह, उत्साह किसका ? महाराज की आज्ञा पालन का उत्साह रखना । और तीसरी बात साहस, नरनारायणदेव (गद्दी स्थान) कोई खराब कहे उसे नही स्वीकारना इसको साहस कहते हैं ।

महाराजने जब क्षेत्र का विभाजना किया तब रामप्रतापजी दादा कुछ उदास हो गये । महाराज उदास होने का कारण पूछे तब दादाजी बोले दूसरा तो कुछ नही अहमदाबाद भाग में कच्छ, राजस्थान में तो सूखा प्रदेश अधिक है यहाँ पर प्रशासनिक व्यवस्था कैसे की जायेगी ? जब कि दक्षिण भाग में हरियाली-समृद्धि और स्वयं लक्ष्मीजी वडताल में निवास करती है । तभी महाराजजीने कहा हम आप के साथ रहेगे । यह बात अधिक प्रसिद्ध है आप सभी को ज्ञात भी है कोई कपोल कल्पित बात नही बल्कि शास्त्रो में लिखी हुई बात है । महाराज की जो बात कही है वह वर्तमान समय में दिखाई दे रही है । आज अहमदाबाद क्षेत्र में सुख, समृद्धि प्रगति और शांति है । वहाँ के संतो ने हरिभक्तो को विदेश जाने के लिये प्रेरित किया और आज हरिभक्त लोग अत्यन्त सुखी है ।

महाराजने हम लोगो को भी आज्ञा किये है कि संतो का सम्मान करना चाहिए इस देश में पहले से ही संतो को सम्मान मिलता रहा है । इस बात को दुहराते हुए प.पू. बड़े महाराजश्रीने अपने पिता अहमदाबाद गद्दी के पांचवे आचार्य प.पू. देवेन्द्रप्रसादजी ने बिमार संतो की सेवा का दो विस्तार पूर्वक उदाहरण दिये । और वे उस समय स्वयं लालजी रुप में हो ऐसा रसप्रद सस्मरण को याद किये ते ।

विदेश में भी आज सत्संग के नियम सुंदर रुप से निभाये जाते है । इस बारे में अपने परिवार की बात करते हुए प.पू. बड़े महाराजश्री बताते है कि हमारी पुत्री बिन्दुराजा अमेरिका में निवास करती है । उसके दोनो पुत्र (सौम्य और सुव्रत) १४ वर्ष के समान उम्र वाले जिसका भी जन्म वही हुआ है , उसकी एक बच्चे के साथ मित्रता है । मित्रता इतनी अच्छी है कि वह लडका कभी कभी बिन्दु राजा के घर पर रात्रि में भी रुक जाता है । इसमें एक दिन वह पूजा की पेटी भूलकर अपने घर चला गया । १० से १५ दिन तक पूजा पाठ नही किया । सुव्रत और सौम्य अपने मम्मी से कहते है, हमें इस लडके से मित्रता नहीं रखना है । क्यो ? उसने इतने दिन तक वगैर पूजा एवम् भगवान बगैर कैसे रहा ? जिसका भगवान के प्रति सच्चा प्रेम न हो उससे मित्रता रखना किस काम की बात ? (सत्संग में सबके लिए यह अधिक प्रेरणादायक बल है) ।

आज के दिन आप सभी महारा जके लिए प्रार्थना करियेगा कि लालजी महाराज सत्संग का इतिहास बनाये ऐसा भविष्य में इनके द्वारा कार्य हो । क्योंकि जेतलपुर की सभा में (जे.व.-५) महाराजश्रीने कहा था कि या तो ईश्वर सभी करे तो होता है और यह चाहे तो सभा के बश हो सकता है ।

श्री स्वामिनारायण म्युजियम के द्वार से

श्री स्वामिनारायण म्युजियम

वर्तमान में वसंत पंचमी आई और चली भी गयी वसंत का स्वागत इस उत्सव को म्युजियम में किये जो अक्षरधाम का पता भी है। एक बार म्युजियम को देख लेने के बाद वर्ष के सभी दिनो को उत्सव रुप में मनाना आ ही जाता है। मंदिर या म्युजियम में हमे यदि खाली होना आ जाये तो अपने अन्दर नये तत्व की जगह बनेगी, तभी अपने अंदर वसंत का भाव आयेगा। म्युजियम का दर्शन करने पर उसका आनंद जीवन भर याद रहता है। लेकिन हम लोग नये आनंद के चक्कर में तथा बीते वर्ष के आनंद की तुलना में लग जाते है। अभी प्राप्त होने वाले आनंद की तुलना बीते कल के साथ करने से अपने जीवन को नीरस कर देते है। अपनी मुलाकात को वर्षोतक स्थायी (ताजा) रखने के लिये अंदर रखी हुए वस्तुओ के महत्व की याद करे तो सच्चा आनंद प्राप्त होगा जो स्थायी भी होगा। जैसे की यह छोटा सा टेबल नरनारायणदेव की प्रतिष्ठा के समय कालुपुर मंदिर में रखा गया और यज्ञ के सभी सामान उस पर से लेकर श्रीजी महाराजने यज्ञ में अर्पण किये थे। इस टेबल का पता म्युजियम के होल नं. १ भले ही हो उसे हम अपने अंदर की शांति का पता बना सकते है। तभी तो म्युजियम की यात्रा सार्थक हो सकती है।

– प्रफुल खरसाणी

श्री स्वामिनारायण म्युजियम मे भेट देनेवालों की नामावलि-जनवरी-१८

रु। ६५,००५/- समीर कानुगा
रु। ३२,५३५/- सुनिल एस. पटेल
रु। ३१,०००/- धर्मप्रसाद मणीलाल शुक्ल - अहमदाबाद - अ.नि. मणीलाल लक्ष्मीशंकर भालजा साहेब की वार्षिक पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में
रु। २५,०००/- चुनीलाल दुर्लभजीभाई सोनी - पलियडवाले - राणीप - ह. जयेन्द्रभाई तथा पारुलबेन सोनी
रु। ११,०००/- अमृतवर्षा महोत्सव के लिए गांधीनगर से.-२३ - प्रेरक: शा. हरिकेशवदास स्वामी
रु। ११,०००/- दर्जी जिगर तथा हेमांगी की रिंग सेरेमनी के लिए - सिडनी
रु। १०,०००/- साँ.यो. धर्मिष्ठाबेन गुरु साँ.यो. कानबाई - बलदिया - कच्छ
रु। ७,०००/- पटेल सुभदाबेन मगनभाई - डांगरवा
रु। ७,०००/- पटेल नर्मदाबेन मंगलभाई - डांगरवा
रु। ७,०००/- पटेल मधुबेन गोविंदभाई - डांगरवा
रु। ५,००१/- मंगलाबेन सवजीभाई गज्जर - न्यु राणीप
रु। ५,०००/- मीनाबेन के. जोशी - बोपल
रु। ५,०००/- अ.नि. लीलाबेन अरविंदभाई पटेल के स्मरण में उवारसद - ह. हिमांशु तथा अमित पटेल
रु। ५,०००/- लालजी शामजी पटेल - केरा-भुज हाल लंडन

श्री स्वामिनारायण म्युजियम में श्री नरनारायण देव की मूर्ति का अभिषेक कराने वालों की नामावलि जनवरि-१८

दि. ०२-०१-२०१८ घनश्यामभाई नरोत्तमदास पटेल - देउसणावाले हाल यु.एस.ए.
दि. ०४-०१-२०१८ प्रहलादभाई विठ्ठलभाई पटेल - यु.एस.ए.
दि. ०९-०१-२०१८ पू. शा. स्वामी हरिकेशवदासजी की प्रेरणा से अंजलेशभाई यशवंतभाई पटेल - गांधीनगर अमृत वर्षा महोत्सव के उपलक्ष्य में
दि. १३-०१-२०१८ सोनल उर्विशभाई नरेशभाई भावसार - ह. अरविंदाबेन नरेशभाई भावसार - चांदलोडिया
दि. १५-०१-२०१८ भीमजीभाई राबडिया - सिडनी
दि. २६-०१-२०१८ गं.स्व. शारदाबेन रमणलाल भावसार के ७५ वें वर्ष के उपलक्ष्य में - ह. पंकजभाई तथा रजनीभाई तथा दीपकभाई - चांदलोडीया
दि. २८-०१-२०१८ पू. ध्यानप्रियदासजी स्वामी तथा भक्ति स्वामी की प्रेरणा से श्री स्वामिनारायण मंदिर, बावला सत्संग समाज

सूचना :श्री स्वामिनारायण म्युजियम में प्रति पूनम को प.पू. मोटा महाराजश्री प्रातः ११-३० को आरती उतारते हैं।

शुभ प्रसंग पर भेंट देने के योग्य अथवा व्यक्तिगत संग्रह के लिये - श्री नरनारायणदेव की प्रतिमा वाला २० ग्राम चांदी का सिक्का म्युजियम में प्राप्त होता है।

सत्संग आलेखावलिका

संपादक : शास्त्री हरिकेशवदासजी (गांधीनगर)

तपस्या का प्रभाव

– शास्त्री हरिप्रियदासजी (गांधीनगर)

स्वामिनारायण भगवान की आज्ञा से मुक्तानंद स्वामी और उनके साथ पचास संत भाल प्रदेश में सत्संग करने के लिए भ्रमण कर रहे थे । उस समय भाल प्रदेश की गणना ऐसे की जाती थी कि जिसे दण्ड देना हो उसे भाल प्रदेश में भेजा जाता ता । कारण यह था कि वहाँ पर सुविधा का अभाव था । शाकभाजी का न मिलना तथा जलाभाव अधिक था ।

मुक्तानंद स्वामी और पचास संत भाल प्रदेश में सत्संग करके गढ़पुर के लिए प्रस्थान किये इस प्रवास के बीच कोई ऐसा गाँव नहीं मिला जहाँ पर भिक्षा की सुविधा मिल सके पूरे दिन उपवास में बीता यह अष्टमी की तिथी थी । नवमी तिथी को भी ऐसा ही हुआ । दशमी के दिन ये संत एक गाँव में उपस्थित हुए । एक सत्संगी बहन के पास मुक्तानंद स्वामी और संत लोग वहाँ गये । बहन अति खुश हुई तथा खिचडी बनाने के लिए तैयार हो गई । स्वामीजी ने कहा ''किसी भी प्रकार का कष्ट न लीजिए, खिचडी में घी और नमक दोनो को मत मिलाना ।''

समाज में व्यक्ति कार्य न करता हो फिर भी अच्छी गाडियाँ चलाता हो हम उसे क्या कहते है ? कि इनके पूर्वज कमा कर गये है ये लोग भोग कर रहे है । हम लोग ऐसी कौन सी तपस्या किए है कि हम अच्छे परिस्थिति में जीवन व्यतीत कर रहे है । इसका मुख्य कारण हमारे पूर्वज एवम् संतो की तपस्या का परिणाम है । इन संतो का उस समय का कठिन नियम था । छः रस का प्रयोग वर्जित, इस में नमकीन, खट्टा, तीखा इत्यादि इन छ में से वर्तमान वाले घी, तेल, मरचा, नमक भी था । सुपाच्य उबले अनाज को ही स्वीकार करते थे । स्वामिनारायण भगवान ने इस कठिन अवस्था में संतो को रहना सिखाये थे । इन्ही संतो की तपस्या से हम सभी सुखी है ।

मुक्तानंद स्वामीजी ने बहन से कहा खिचडी बनाईए लेकिन कढाई में घी और नमक मत डालियेगा । इस बहन को ऐसा विचार आया कि ये मेरे लिए सौभाग्य की बात है कि पचास संत लोगो का आगमन मेरे घर पर हुआ है । ये लोग हमारे अतिथि है । इन लोगो को साधारण खिचडी कैसे खिलाये । संतो ने भले ही ना कहा हो क्या ऐसे उबली खिचडी कैसे रखे । इस बहनने कढाई में घी डालही दिया । सोची ऐसा करने पर संत भोजन कर लेगे, और उनको आभास भी नही होगा । उसने बड़े अच्छे भावना और प्रेम से घी डाला था ।

थाली तैयार हुई, संत लोगो की पंगत बैठी, वहाँ पर शुद्ध घी शांत रहे । जिस समय कढाई आई उसमें से सुगंधही सुगंधआने लगी । शुद्ध घी की सुगंधपहले आती है, और स्वाद बाद में पता चलता है । शुद्ध घी के साथ अन्दर भाव भी मिला था । कढाई से खिचडी लोगो को परोसने लगी । शुद्ध घी की सुगंधऐसा संत लोग कहने लगे । लगता है इसमें घी डाला गया है और आत्मानंदजी खडे हो गये । ये पचास संतो की मध्य के संत थे । और खडे होकर कहने लगे भाई मुझे इसे नही खाना है । मुक्तानंद स्वामी कहने लगे – ''अरे संतो ! हमने इस बहन को मना किया था फिर भी इन्होने भाव से घी डाल दिया है । दो दिन से उपवास है । आज दशमी है । आने वाला दिन एकादशी है । गढडा दूर भी है, हम लोगो को चल कर जाना है । महाराज का आदेश न होने के पश्चात भी यह खीचडी घी युक्त है । फिर भी मैं सभी संतो से आग्रह करता हूँ कि आप भोजन करिए । श्रीजी महाराज जो दण्ड देगे उसे हम सहन करेगे तथा उसका भोग भी स्वीकार करेगे । सभी संत बैठ गये । स्वामीजी की आज्ञा है तो भौजन कर लो । आत्मानंदजीने स्थान ग्रहण नहीं किया । जो होना हो । हो-होकर क्या होगा ? भाल प्रदेश में मर ही तो जायेगे । खिचडी नहीं खाये ।

द्वादशी को लोग गढडा पहुचे । सभी संत स्नान इत्यादि करके सभा में आने लगे । मुक्तानंद स्वामी अभी भी सभा में नहीं आये थे । और आत्माननंदजी तो सर्वोच्च को सीधे शिकायत कर चुके थे । किसके विरोधमें पता है ? मुक्तानंद स्वामी के विरुद्ध । श्रीजी महाराज को कहते है, हे प्रभु ! आप मुक्तानंद को अधिक सम्मान करते है लेकिन वह

પ.પૂ.અ.સૌ. લક્ષ્મીસ્વરૂપ ગાદીવાળાશ્રીના સાંનિધ્યમાં બહેનો માટે

શ્રી સ્વામિનારાયણ મંદિર કાલુપુર, હવેલીમાં

પવિત્ર ધનુર્માસમાં

પંચાન્હ જ્ઞાનયજ્ઞ

પંચાન્હ જ્ઞાનયજ્ઞ

પંચાન્હ જ્ઞાનયજ્ઞ
SHOT ON MI A1
MI DUAL CAMERA
પંચાન્હ જ્ઞાનયજ્ઞ

પંચાન્હ જ્ઞાનયજ્ઞ

પંચાન્હ જ્ઞાનયજ્ઞ

आपके सानिध्य के बाद भी आज्ञा का उल्लंधन कर रहे है। स्वामिनारायण भगवान कहते है, 'क्या हुआ ? ये सभी बात आत्मानजीने कहा है। तथा घी वाली खिचडी खिलवायें। स्वामिनारायण भगवानने कहा, मुक्तानंद स्वामी को सभा में आने दो। लोगो को उत्सुकता होने लगी कि महाराज आज मुक्तानंद स्वामी को क्या सजा देगे। महाराज से बड़े सम्मानित, स्थायी रुप से महाराज, जिसका सम्मान आदर बना रहे।

मुक्तानंद स्वामी सभा में आये। महाराज सीधे ही बात किये। मुक्तानंद स्वामी ! क्या बात है ? स्वामीजी को ज्ञात हो गया। महाराज, आत्मानंद की बात सत्य है हमने ही सभी संतो से कहा कि आप लोग खिचडी खा लीजिए। और लोग खाये। लेकिन महाराज मुझे दया आ गई कि भाल का सूखा क्षेत्र दो दिन का उपवास यदि खिचडी खाने को इनकार करु तो बाद में एकादशी का व्रत फिर भी हमने बहन को सीधे मना किया था। फिर भी उन्होने भाव एवम् श्रद्धा से घी डाला था। इस प्रकार की घटना हुई।

और श्रीजी महाराज अपने स्थान पर खड़े हो गये। सभी आश्चर्यचकित हो गये। आज तो महाराज जी स्वामी का अपमान करेगे। महाराज खडे होकर गले में से माला निकाले और मुक्तानंद स्वामी को पहनाकर आलिंगन किये। स्वामी आप थे तो ये पचास संत जीवित आये यदि आत्मानंद होते पचास की मृत्यु होने के बाद ही आते।

प्रिय मित्रो ! इस स्वभाव के हमारे संत थे। ऐसी उनकी तपस्या तथा ऐसे दयालु स्वभाव वाले मुक्तानंद स्वामी थे। भगवान के साथ एकत्व का भाव था। क्या करने से हमारे इष्टदेव खुश रहे इस तरह की ईच्छा मुक्तानंद स्वामी भ्राप लेते थे। ऐसे संतो के तपस्या एवम् पुण्य के प्रताप से आज के इस सत्संग में सभी के साथ जय... जयकार हो।

●

घोरवेबाज किसी का रिश्तेदार नहीं

– नारायण वी. जानी (गांधीनगर)

कई वर्षो पहले की बात है। लेकिन स्मरण रखने वाली तथा बहुत कुछ सिखाने वाली यह बात है। एक गाँव में एक किसान रहता था। वह बहुत ही सज्जन और परोपकारी मनुष्य था। उसी किसी कार्य के लिए पन्द्रह दिन के लिए बाहर जाना पडा। इसके लिए उसे एक जंगल के मध्य से जाना पडता था।

एक दिन की बात है। वह किसान स्नान-ध्यान से निवृत होकर जंगल के रास्ते से जा रहा था। रास्ते में चलते-चलते कुआँ के अन्दर से बचाइये -बचाईये आवाज सुनाई दे रही थी। किसान कुए के पास गया। देखने पर ज्ञात हुआ कि कुए में सर्प, बंदर, वाघ और मनुष्य मिलकर चार जीव कुए में गिरे थे। एक दिन पहले अंधेरे में ये घटना-घटित हुई थी। परिस्थिति इतनी विकट थी की इन चारो में से कोई किसी की रक्षा नहीं कर सकता था।

किसान परोपकारी होने के साथ हिम्मतवाला भी था। उसने तुरंत व्यवस्था करके क्रमशः सर्प, बंदर और वाघ तीनो को बाहर निकाल दिया। इसके बाद मनुष् यको निकालने का प्रयास प्रारम्भ किया। उसी समय ये तीनो कहने लगे। हे किसान ! आप को हमारा खूब अधिक धन्यवाद। हम तीन लोग, जो आप ने हमारे उपर उपकार किये है उसके बदले में हम आप का कल्याण करेगे। लेकिन आप से निवदेन है कि कुए में गिरे मनुष्य को बाहर मत निकालिए। यह मनुष्य उपकार करने योग्य नहीं है। इन तीनो की बात न मानकर भी दयाभाव से प्रेरित किसान उस मनुष्य को भी बाहर निकालता है। बात करने पर याद आया कि ये मनुष्य इसी गाँव का है जहाँ पर किसान कई बार अपने कार्य हेतु जाता था। कार्य हो जाने के बाद लोग अपने अपने गन्तव्य स्थल पर चले गये।

इस घटना के पन्द्रह दिन हुए होगे कि वही किसान फिर से अपने कार्य के लिए उसी रास्ते से जंगल के मध्य से गुजरा जिस बाघ की रक्षा किया था वह सामने ही मिल गया। उसने किसी के द्वारा किए गये उपकार के बदले में कुछ गहने प्रदान किए। बाघ कर्तव्य का पालन करते हुए आगे चला गया। किसान जंगल पार करके गाँव में गया, कार्य पूर्ण करके वापस आ रहा था तभी ज्ञात हुआ की वह आदमी भी इसी गाँव में रहता है उससे भी मिलने चले। उस व्यक्ति ने स्वागत किया। दोनो बैठकर बात चीत करने लगे। बात-बात में किसान को रास्ते में बाघ मिला उसने गहने दिए इस बात को भी उससे कहा। गहना देखते ही वह आदमी सोचा यह तो गहना राजकुमार का है।

घटना ऐसी थी कि इस गांव के राजकुमार जंगल में गये थे फिर वे वापस नहीं आये। राजा को सूचना देने वाले के

पेईज नं. २२

॥ भक्तिसुधा ॥

(प.पू.अ.सौ. गादीवालाजी के आशीर्वचन में से)
(एकादशी सत्संग सभा प्रसंग पर कालुपुर मंदिर हवेली) "कथा किसके लिए होती है ? कथा के माध्यम से जीवन जीने की दिशा मिलती है"
(संकलन : कोटक वर्षा नटवरलाल - घोडासर)

कथा के माध्यम से मनुष्य को कुछ नया सिखने कोमिलता है। कथा में से मनुष्य कुछ प्राप्त करता है। मनुष्य के जीवन में बदलाव आता है इससे मनुष्य अपने जीवन में परिवर्तन लासकता है। उसके लिये कथा होती है। वर्तमान काल में समाज में देखे तो मनुष्य का जीवन तीन प्रकार का दिखाई देता है। पाशुविक, मानवीय और दैवीय जीवन। पाशुविक जीवन में मनुष्य न करने योग्य कार्य भी करता है। जानते हुई दुराचार करता है। अखाद्रय भी खाता है। न देखने योग्य को देखता है ये सभी पाशुविक जीवन में आता है। और मनुष्य का जो स्वभाविक गुण होता है उस तर्ज पर जीने वाला व्यक्ति मानवीय जीवन कहलाता है। मानवीय जीवन का सर्वश्रेष्ठ लक्षण स्वयं से दूसरा दुखी न हो। दैवी जीवन जीने वाले बहतु कम होते है। ''दैवी जीवन अर्थात मनुष्य स्वार्थ से परे ऐसा कार्य करता है जो समाज में एक आदर्श बन जाता है।'' लेकिन देव जैसा कार्य करने से आदमी देव या परमात्मा नहीं बन सकता है। लेकिनजो लोग दैवी जीवन जीते है उसको सबसे बडा लाभ यह है कि भक्त एक कदम आगे चलता है। तो ईश्वर पाँच कदम आगे आ जाते है। मनुष्य दैवीय जीवन शुरु करते ही जिस स्थान पर है वहाँ से प्रगति के पथ पर आगे बढता है। यह किस प्रकार ? इससे भी तीन चरण है।'आत्मज्ञान','आत्म अनुष्ठान', और'आत्म उत्थान' आत्मज्ञान अर्थात आपके अंदर जो स्वभाविक गुण है उसे पहचानना है। सर्व प्रथम अपने को जानना कि मेरे अंदर ऐसा क्या है ? जो अच्छा नहीं है मेरे में क्या अच्छे गुण है। जब तक आप अपने को न पहचाने शास्त्र का ज्ञान बेकार है। दूसरा 'आत्म अनुष्ठान' अपने स्वभावगत गुणो को जान लेने के बाद 'आत्म मंथन' करना होता है। अर्थात् अच्छे गुणो को विचारने का प्रयत्न करना चाहिए। अच्छे गुण को रखना तथा खराब गुणो से मुक्त होना है। और तीसरा 'आत्म उत्थान' का अर्थ अपने आध्यात्मिक गति को उपर ले जाना। सभी के साथ अच्छा व्यवहार ही नही बल्कि अपने आध्यात्मिक लक्ष्य को आगे करना है। आत्म उत्थान के लिए हमारे विचार सात्विक होने चाहिए जो भी कार्य करे खूब विचार कर करे। महाराजने शिक्षापत्री मे कहा है कि ''धर्म संबंधी कार्य तत्काल करना चाहिए।'' और व्यवहारिक कार्य विचार कर करना चाहिए। इसमे हम लोग विपरीत कर देते है। व्यवहारिक कार्य को प्राथमिकताये देते है। यह पर अपनी भूल होती है यह भूल कैसे होती है। मनुष्य संसार में आता है कुछ ईच्छा ये भी होती है। सभी मनुष्यो के पास स्वतंत्रता ईच्छा और विचार होते है। उसी हिसाब से आदमी जीता है। लेकिन अपनी जैसी ईच्छा वैसी ही मन भी होता है। लेकिन इसके लिये अपने पास विकल्प है ईच्छानुसार ध्येय प्राप्ति या उसे छोड दे यह स्वयं निश्चित करना होता है। अपने अहंकार के अधीन न रहकर लालची वृत्ति से दूर होकर जीवन में आने वाली विषम अवस्था में सामना करके अपने आत्मशक्ति का दुरुपयोग करके कार्य करे तो ईश्वर प्राप्ति नजदीक समझे। वास्तव में कोई मनुष्य १००% स्वतंत्र नहीं है, कुछ कार्य अनिवार्य है . लेकिन हम क्या करते है मेरी ईच्छा है आप को क्या तकलीफ है। दूसरे का जीवन देखे बिना मैं अपनी मर्जी से काम करुँगा। यह दूसरे को हानि नही, स्वयं को हानि करता है। भगवान ने जो नियम बनाये हैं उसी हिसाब से सम्पूर्ण संसार चलता है। भगवान के बनाये नियम में न रहने के कारण अपनाजीवन तकलीफ वाला हो जाता है। और कभी ऐसा भी होता है कि हम नियम में रहते है तो भी ऐसा दुःख क्यो ? नियम में रहने के बाद भी अपने जीवन में कष्ट आता है। यह अपने को मजबूत भी बनाता है। इसे आध्यात्मिक परीक्षा कहते है। ये कभी भी हो सकती है। स्कूल में बताया जाता है लेकिन जीवन में नही बताया जाता है। जैसे एक पाठ से अलग-अलग विधिसे प्रश्न पूछा जाता है यदि सीधा प्रश्न हो तो सरल होता है। बदल कर पूछने पर तकलीफ होती है। यदि अच्छे से पढ़कर गये है तो धैर्य के साथ धबराये विना

शांति से लिखने पर वो पास हो जाते है। उसी तरह संसार में भी जीवन में अचानक भगवान परीक्षा लेते है . अपने सभी कार्य आयोजन पूर्वक किये हो सभी तरह से विचार भी किये हो तब भी कभी कभी विपरीत अवस्था आ जाती है। उसमें पास करना पडता है। जैसे पहली कक्षा से दूसरी कक्षा अंत में कालेज में जैसे जैसे आगे पढते है वैसे कठिनाई बढती जाती है। जैसे हमारी पढाई वैसे ही हमारा स्वाभाविक स्तर बनता है। उसी प्रकार ही महाराजश्री परीक्षा लेते है आपके जीवन में जो परीक्षा होती है। वो इसी लिए होती है। हम जैसे-जैसे ज्ञान की गहराई में जाते है उतनी परीक्षा कठिन होती है। लेकिन सभी अवस्था को सकारात्मक रुप से लेना चाहिए। आध्यात्मिक परीक्षा में कुछ तो पहले डर की परीक्षा लेते है। आप किस परिस्थिति में आप घबरा जाते है यह देखने के लिए तथा हिम्मतवर्धन के लिए होती है। कुछ व्यक्ति के पास अथाह शक्ति (सत्ता) होती है तो यह देखने के लिये कि आप प्रमादी तो नही हुए है . ईश्वर यह देखता है कि हमने जो सत्ता दी है उसका उपयोग कैसे करते है ? महाराज आप को चाहे कितना बड़े बनाये तो आप को सावधान हो जाना चाहिए कि मेरी परीक्षा होने वाली है। क्षमा और क्रोधकी परीक्षा होती है। क्रोधित होकर अपशब्द बोलने जैसा आचरण करते है कि नही, क्षमा शील है कि नही यह भगवान देखते है। यह देखने के लिये महाराज कभी सब ले लेते है तो कभी सब कुछ दे देते है। जब महाराज सब कुछ दे देते है तब भी विवेकी होना चाहिए। अहंकार युक्त अविवेकी नही होना चाहिए। जब कभी कुछ पास न रहे तब संतोष औऱ धीरज रखना चाहिए हतास और निराश नही होना चाहिए। सकारात्मक सोच के साथ महाराज ने हमको एक सीढी उपर करना चाहते है। क्योंकि विषम परिस्थिति में क्या होता है। तो मनुष्य सभी प्रयत्न करता है और अपने ज्ञान का उपयोग करता है। परिस्थिति से लडने के लिए धीरज और शक्ति बऽ जाती है। आत्मबल में वृद्धि हो जाती है। जीवन में कभी ऐसा बने तो सबल होकर श्रद्धा रखनी चाहिए। धबराना नही चाहिए। इससे आध्यात्मिक जीवन में उच्च स्थान मिलता है। परिस्थिति को धीरे धीरे स्वीकार कर लेना चाहिए और आप लोग सत्संग में इतना आगे आये हैं। नही तो यहाँ पर नही बैठ सकते थे। कभी कभी जीवन में स्वयं को भी प्रोत्साहन देना पड़ता है। हे ईश्वर जीवन में अच्छा कार्य कर सकूं ऐसी भावना बनाने में थोडा प्रयास करना गलत नही है। हम सब श्री नरनारायणदेव की क्षत्रछाया में बैठे है। आप सभी की शरणागति दृढ हो ऐसा होना आवश्यक है। किसी की ताकत नही जो आपका अहित करे क्योकि नरनारायणदेव आठ आठ शस्त्रो को लेकर बिराजमान है। आप प्रतिदिन साँस लेते है इसमें कोई विकल्प खोजते है कि मुझे साँस नही लेना आवश्यक है। स्वयं संचालित होती है। इस में विकल्प नही है। इसी प्रकार श्री नरनारायणदेव पूरे भरत खंड के राजा है। तो हम जिसके राज्य में रहते है तो उनकी आज्ञा में रहना चाहिए। तो स्थायी श्री नरनारायणदेव का होकर रहना बाद की दूसरी कथा खरमास में अपने म्युजियम में करना है। जिसकी तारीख अब निश्चित होगी।

•

सेवा की महिमा

- लाभुबहन मनुभाई पटेल (कुंडाल ता. कडी)

मालिया गाँव में मकन भट्ट थे। सुदामा की तरह गरीब स्थिति में थे। इसके पास भौतिक सम्पदा नही थी। लेकिन दिव्य (आध्यात्मिक) सम्पत्ति थी। श्रीमंत थे। धर्मज्ञान, वैराग्य, दया, संतोष इत्यादि गुणो से सम्पन्न थे। गाँव में संतो के आगमन पर निश्चित कथा के समय आ जाते थे। शांति से कथा सुनते तथा संतो की क्या सेवा करे ? क्यों कि मेरे पास पैसा तो नही है। लेकिन दूधहै। हमेशा ठंडी मीठी छाश (मठ्ठा) और अचार संतो को दे देते थे। कई वर्षो तक छाश और अचार से सेवा किए।

श्रीजी महाराज अत्यधिक खुश हुए। रात्रि में दिव्य रुप में आये। मकन भट्ट जय स्वामिनारायण क्या कर रहे है ? महाप्रभु जय स्वामिनारायण, आज गरीब के घर पधारे है। धन्य समय, धन्य अवसर....टूटे फूटे चार पाई पर गद्दे को विछादिये। श्रीजी महाराज उसके ऊपर बैठ गये। प्रभु के चरण छूकर दो हाथ जोडकर कीर्तन करने लगे।

''पूर्वनुं पुण्य प्रगट थयुं ज्यारे,
स्वामिनारायण मळीया त्यारे,
नेत्रे मोहनवर निरख्या ज्यारे
पूरण काम थयुं मारुं त्यारे.''

